





## आओ सीखें

### आओ बराबर समूह बनाए

| | समूहों की गिनती |
|---|---|
|  | $8 \div 2 = 4$ |
|  | $12 \div 4 = 3$ |
|  | $12 \div 6 = 2$ |

### आओ करें

| | |
|---|---|
|  | $9 \div 3 =$ ☐ |
|  | $12 \div 4 =$ ☐ |
|  | $4 \div 2 =$ ☐ |
|  | $8 \div 4 =$ ☐ |
|  | $14 \div 2 =$ ☐ |
|  | $15 \div 5 =$ ☐ |

# बराबर-बराबर बाँटो




आज मेरे जन्म दिन पर
मेरे 4 दोस्त आ रहे हैं।



मैं 12 चॉकलेट अपने दोस्तों में बाँटूंगा।



सभी को बराबर-बराबर चॉकलेट देनी है।






प्रत्येक को 3 चॉकलेट मिलीं।

$12 \div 4 = 3$





**12 ÷ 4 का अर्थ भाग करना या विभाजन/हिस्से करना।**




**6 टॉफियों को 3 बच्चों में बाँटो :**





6 ÷ 3 = 2 टॉफियाँ प्रत्येक बच्चे को

---

**4 फूलों को 2 गमलों में बराबर लगाओ :**






4 ÷ 2 = 2 फूल प्रत्येक गमले में

**आओ करें**



**12 सेब 3 प्लेटों में बाँटो :**





☐ ÷ ☐ = ☐ प्रत्येक प्लेट में

---

**8 कुल्फियाँ 2 बच्चों में बाँटो :**






☐ ÷ ☐ = ☐ प्रत्येक बच्चे को


बराबर-बराबर बाँटने की विधि को भाग कहते हैं। भाग का '÷' चिह्न होता है।




## भाग और गुणा में संबंध




12 फूलों को पंक्तियों और कॉलमों में क्रमवार रखा गया है।




$12 \div 3 = 4$ प्रत्येक पंक्ति में 4 फूल हैं।

$12 \div 4 = 3$ प्रत्येक कॉलम में 3 फूल हैं।

$3 \times 4 = 12$ → $12 \div 3 = 4$, $12 \div 4 = 3$



$5 \times 4 = 20$ →

$20 \div 5 = 4$

प्रत्येक पंक्ति में 4 सेब

$20 \div 4 = 5$

प्रत्येक कॉलम में 5 सेब

20

5 4

$5 \times 4 = 20$

$4 \times 5 = 20$

$20 \div 5 = 4$

$20 \div 4 = 5$

40

4 10

$4 \times 10 = 40$

$10 \times 4 = 40$


$40 \div 4 = 10$

$40 \div 10 = 4$

$3 \times 4 = 12$

$12 \div 3 = 4$ $12 \div 4 = 3$

## आओ करें



1.

$3 \times 5 = 15$

$5 \times 2 = 10$

$4 \times 2 = 8$

$6 \times 3 = 18$

$2 \times 7 = 14$

$6 \times 4 = 24$

**अवनीत के पास 15 टॉफियाँ हैं। वह उनको 5 बच्चों में बराबर-बराबर बाँटता है।**




(क) (i) प्रत्येक बच्चे के पास ______ टॉफियाँ होंगी।

(ii) 15 ÷ 5 = ______

(क) यदि वह तीन बच्चों को बराबर-बराबर टॉफियाँ बाँटता है तो :-

(i) प्रत्येक बच्चे के पास ______ टॉफियाँ होंगी।

(ii) 15 ÷ 3 = ________

**रसलीन के पास 12 गुब्बारे हैं, 3 बच्चों में बराबर-बराबर बाँटता है।**




(क) (i) प्रत्येक बच्चे के पास ______ गुब्बारे होंगे।

(ii) 12 ÷ 3 = ______

(ख) यदि वह गुब्बारे 4 बच्चों को बराबर-बराबर बाँटता है तो

(i) प्रत्येक बच्चे के पास गुब्बारे = ______

(ii) 12 ÷ 4 = ______

## पहाड़ों के प्रयोग से भाग

- 2 के पहाड़े का प्रयोग करो और भाग करो :

| | |
|---|---|
| $18 \div 2 = 9$ | $2 \times 9 = 18$ |
| $8 \div 2 =$ | $2 \times 4 = 8$ |
| $12 \div 2 =$ | $2 \times 6 = 12$ |
| $16 \div 2 =$ | $2 \times 8 =$ |
| $14 \div 2 =$ | $2 \times 7 =$ |
| $10 \div 2 =$ | $2 \times 5 =$ |
| $6 \div 2 =$ | $2 \times 3 =$ |

- 5 के पहाड़े का प्रयोग करो और भाग करो :

| | |
|---|---|
| $15 \div 5 =$ | $5 \times 3 =$ |
| $20 \div 5 =$ | $5 \times 4 =$ |
| $25 \div 5 =$ | |
| $30 \div 5 =$ | |
| $10 \div 5 =$ | |
| $40 \div 5 =$ | |
| $35 \div 5 =$ | |

- 10 के पहाड़े का प्रयोग करो और भाग करो :

| | |
|---|---|
| $40 \div 10 =$ | $10 \times 4 =$ |
| $50 \div 10 =$ | $10 \times 5 =$ |
| $30 \div 10 =$ | |
| $20 \div 10 =$ | |
| $80 \div 10 =$ | |
| $60 \div 10 =$ | |

# भाग और गुणा

**1. जब हम किसी संख्या को 1 से भाग करते हैं तो उत्तर वही संख्या होती है।**



8 लड्डू




$8 \div 1 = 8$

**2. जब संख्या को उसी संख्या से भाग करते हैं तो उत्तर हमेशा 1 होता है।**




5 गुब्बारे



$5 \div 5 = 1$

**3. जब 0 को किसी संख्या से भाग करते हैं तो उत्तर हमेशा 0 होता है।**



$0 \div 3 = 0$




**आओ करें**



## रिक्त स्थान भरो

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | 4 ÷ 4 = ______ | (ii) | 3 ÷ ____ = 1 |
| (iii) | 0 ÷ 5 = _____ | (iv) | ____ ÷ 2 = 0 |
| (v) | 2 ÷ 2 = _____ | (vi) | 10 ÷____ = 1 |

# खेल खेल में भाग






आज हम करंसी
नोटों से विभाजन करना सीखेंगे।

मेरे पास 16 रुपये हैं। दो बच्चों में
बराबर-बराबर बाँटने हैं। बताओ
प्रत्येक को कितने रुपये आएंगे?

हम 1, 2, 5 और 10 के
करंसी नोटों का उपयोग
करते हुए भाग करेंगे।

दो बच्चे आगे आओ! अब एक
और बच्चा आगे आए और दिए करंसी
नोटों में से 16 रुपये ले और इनको बांटे।





क्या आप दोनों बच्चों को दस-दस
रुपये दे सकते हो?

नहीं मैडम जी यह तो
16 से ज्यादा हो जाएँगे।


फिर क्या आप 5-5
रुपये दोनों बच्चों को दे सकते हो?

जी, मैडम जी!

$5 + 5 = 10$



**दो बच्चे आगे आकर 16 रुपये में से पाँच-पाँच रुपये ले लेते हैं।**



अब बचे 6 रुपये। दोनों को 5-5
रुपये नहीं दे सकते।
फिर 2-2 रुपये दो (2+2=4)

अब बचे 2 रुपये। अब दोनों को
केवल 1-1 रुपया दे सकते हैं
इस प्रकार दोनों बच्चों को 8-8 रुपये मिले।





$16 \div 2 = 8$

| भाजक | भाज्य | |
|---|---|---|
| 2 | 16 | 5 |
| | – 10 | |
| | 6 | 2 |
| | – 4 | |
| | 2 | 1 |
| | – 2 | |
| | × | |



$5 + 2 + 1 = 8$ रुपये



## आओ सीखें



36 ÷ 3

```
3 | 36
  – 30 | 10
     6 | 2
   – 6
     ×
```

10 + 2 = 12

48 ÷ 2

```
2 | 48
  – 20 | 10
    28 | 10
    20
     8
     4 | 2
     4
     4 | 2
     ×
```

10 + 10 + 2 + 2 = 24

48 ÷ 2 = 24

बड़े प्रश्नों के लिए 1, 2, 5, 10 के साथ 20 रुपये के नोटों को सम्मिलित करके हल करो।

48 ÷ 2

```
2 | 48
  – 40 | 20
     8
     4 | 2
     4
     4 | 2
     ×
```

20 + 2 + 2 = 24

48 ÷ 2 = 24

75 ÷ 3

```
3 | 75
  – 60 | 20
    15
   –15 | 5
     ×
```

20 + 5 = 25

75 ÷ 3 = 25

| 75 | ÷ | 3 | = | 25 |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | | ↓ | | ↓ |
| भाज्य | | भाजक | | भागफल |

## आओ करें



**दो अंको वाली संख्या को एक अंक वाली संख्या से भाग करो :**

| | | |
|---|---|---|
| $12 \div 2$ | $18 \div 2$ | $24 \div 3$ |
| $30 \div 3$ | $16 \div 4$ | $28 \div 4$ |
| $80 \div 10$ | $57 \div 3$ | $65 \div 5$ |

तानिया के पास 32 टॉफियाँ हैं। वह दो सहेलियों में बराबर बाँटना चाहती है। बताओ वह हरेक सहेली को कितनी टॉफियाँ देगी?


अवनीत के पास 10 रबड़ें हैं। वह अपने 5 दोस्तों को बराबर-बराबर रबड़ें बांटना चाहता है। वह प्रत्येक दोस्त को कितनी रबड़ें देगा?


कक्षा में 20 बच्चे हैं। चार पंक्तियों में बराबर-बराबर बच्चे बैठे हैं। बताओ एक पंक्ति में कितने बच्चे बैठे हैं?





## आओ सीखें

### मौखिक रूप से दोगुना करो/आधा करो :


















## आओ करें





## दिमागी कसरत

| | | |
|---|---|---|
| I) | कोई संख्या सोचो | 27 |
| ii) | 3 जमा करो | 27 + 3 = 30 |
| iii) | 2 से गुणा करो | 30 × 2 = 60 |
| iv) | 4 घटाओ | 60 – 4 = 56 |
| v) | 2 से भाग करो | 56 ÷ 2 = 28 |
| vi) | 1 घटाओ | 28 – 1 = 27 |

उत्तर : सोचा हुआ नंबर

| | | |
|---|---|---|
| i) | कोई दो अंको वाली संख्या सोचो | 23 |
| ii) | 7 जोड़ो | 23 + 7 = 30 |
| iii) | 3 घटाओ | 30 – 3 = 27 |
| iv) | 7 जोड़ो | 27 + 7 = 34 |
| v) | 1 घटाओ | 34 – 1 = 33 |

उत्तर : प्राप्त संख्या से 10 कम = 23

| | | |
|---|---|---|
| I) | कोई दो अंक सोचो | 6, 7 |
| ii) | दोनों अंकों को जोड़ो | 6 + 7 = 13 |
| iii) | फिर अंकों को घटाओ | 7 – 6 = 1 |
| iv) | जोड़ और घटाव का अंतर ढूंढो | 13 – 1 = 12 |
| v) | जवाब को 2 से भाग करो | 12 ÷ 2 = 6 |

उत्तर : सोचा हुआ छोटा अंक

| | | |
|---|---|---|
| i) | कोई दो अंको वाली संख्या सोचो। | 14 |
| ii) | संख्या को दोगुना करो | 14 × 2 = 28 |
| iii) | 14 जोड़ो | 28 + 14 = 42 |
| iv) | 2 से भाग करो | 42 ÷ 2 = 21 |
| v) | सोची संख्या घटाओ | 21 – 14 = 7 |


उत्तर : हमेशा 7

## वर्कशीट

**1. बार-बार घटाने की विधि से भाग करो :**

(i) $15 \div 5$ (ii) $40 \div 10$ (iii) $20 \div 4$

**2. रिक्त स्थान भरो :**



(i) सभी मिलाकर कितनी गेंदें हैं? ......................

(ii) कुल कितने समूह हैं? ......................

(iii) प्रत्येक समूह में कितनी गेंदें हैं? ......................

**3. दी गई गुणा को भाग के रूप में लिखो :**

(i)

$3 \times 6$

$18 \div 3$ $18 \div 6$

(ii)

$4 \times 5$

______ ______

**4. हल करो :**

(i) $2 \times 4 =$ ☐ $4 \times 2 =$ ☐ | $8 \div 2 =$ ☐ $8 \div 4 =$ ☐

(ii) $4 \times 5 =$ ☐ $5 \times 4 =$ ☐ | $20 \div 4 =$ ☐ $20 \div 5 =$ ☐

(iii) $3 \times 2 =$ ☐ $2 \times 3 =$ ☐ | $6 \div 3 =$ ☐ $6 \div 2 =$ ☐

**5. रिक्त स्थान भरो :**

(i) $15 \div 15 =$ ☐

(ii) $18 \div$ 3 $=$ 18


(iii) $0 \div 20 =$ ☐

(iv) $32 \div$ ☐ $= 1$

(v) ☐ $\div 42 = 0$

**6. भाग करो :**

(i) $48 \div 3 =$ (ii) $56 \div 4 =$ (iii) $70 \div 5 =$



# 5 धन–करंसी

## उद्देश्य

- दैनिक जीवन में प्रयोग किए जाने वाले धन के बारे में जानकारी।
- रुपये तथा पैसों के आपसी सम्बन्धों की जानकारी।
- रुपये को पैसों में बदलना।
- धन का जोड़–घटाव।
- बिल तथा रेट लिस्ट के बारे में जानकारी।

### क्या आपको याद है ?

**1. सिक्कों के मूल्य का जोड़ करो।**

(a) 

(b) 

**2. दर्शाए गए मूल्य अनुसार सिक्के बनाओ।**



₹5



₹25

## जान-पहचान

- हमें बाज़ार से वस्तुएँ खरीदने के लिए धन की आवश्यकता पड़ती है।
- भारतीय मुद्रा में धन को रुपयों तथा पैसों में गिना जाता है।

### यह रुपयों के सिक्के तथा नोट हैं:







क्या आपको ज्ञात है कि रुपये के लिए चिह्न (₹) लिखा जाता है।







ये पैसों के सिक्के हैं






आओ, पैसों और रुपये में सम्बन्ध देखें





10 पैसे के 10 सिक्के, 25 पैसे के 4 सिक्के तथा 50 पैसे के 2 सिक्के 1 रुपये के बराबर है



1 रुपया
= 100 पैसे





सभी बच्चे नोट तथा सिक्के बनाओ

## गतिविधि




**आओ, हम धन ( करंसी ) बनाएँ, धन सम्बन्धी ज्ञान बढ़ाएँ।**

**उद्देश्य :** **बच्चों को अपने देश की करंसी से परिचित करवाना तथा दैनिक जीवन में क्रय-विक्रय, लेन-देन के सम्बन्ध में माहिर बनाना।**

### विधि :

1. बच्चों को भिन्न-भिन्न आकारों के पतले कागज़ देना तथा ₹1, ₹2, ₹5 के सिक्के देना।
2. दिए गए सिक्कों को कागज़ के नीचे रखो तथा सिक्के पर धीरे-2 पेंसिल चलाने के लिए तब तक कहना जब तक उस (कागज़) पर लिए गए सिक्के की आकृति नज़र न आने लगे।
3. उसके उपरांत कागज़ को सिक्के के आकार में काटो।



4. बच्चे अपने सिक्के तैयार करके अपने दोस्तों के साथ खेलेंगे।
5. इस प्रकार बच्चों से आयताकार कागज़ पर दिखाए अनुसार करंसी नोट तैयार करवाए जाएँगे।





## गतिविधि



सभी अपने 10 पैसे के सिक्के, 20 पैसे के सिक्के, 25 पैसे के सिक्के, 50 पैसे के सिक्के दिखाए अनुसार 1 रुपये के बराबर रखो।



- 10 पैसे के 10 सिक्के
- 20 पैसे के 5 सिक्के
- 25 पैसे के 4 सिक्के
- 50 पैसे के 2 सिक्के






50 पैसे के कितने सिक्कों से एक रुपया बना ?

2 सिक्कों से



50 पैसे, 1 रुपये का आधा भाग है।

**100 पैसे = 1 रुपया**

## आओ करें




1. दिये हुए दो सिक्कों में > या < का चिह्न लगाओ।

(a)



(b)



(c)



(d)



## रुपयों को पैसों में बदलना



बच्चो! आपको ज्ञात है कि एक रुपये में 100 पैसे होते हैं। क्या आप बता सकते हो कि 2 रुपये में कितने पैसे होते हैं ?

200 पैसे





3 रुपये में कितने पैसे होते हैं ?

300 पैसे



हम इस प्रकार लिखेंगे।

1 रुपया = 100 पैसे

2 रुपया = 200 पैसे

3 रुपया = 300 पैसे

10 रुपया = 1000 पैसे



10 पैसे, 25 पैसे
का प्रयोग
अब नहीं होता

रुपये पैसे को
दो तरीकों से
लिखा जाता है।

| रुपये | पैसे | लंबी विधि | छोटी विधि |
|---|---|---|---|
|  |  | 10 रुपये 50 पैसे | ₹10.50 |
|  |  | 25 रुपये 75 पैसे | ₹25.75 |
|  |  | 100 रुपये 50 पैसे | ₹100.50 |



क्या आप सिक्के बना सकते हो?




| ₹ 4 | ₹ 5 |
|---|---|
|  |  |




आओ करें

| |
|---|
| ₹ 12 |
| ₹ 17 |
| ₹ 18 |

## गतिविधि

कुलजीत, नवनीत तथा बलजीत अपने दोस्त के जन्मदिन का उपहार लेने बाज़ार गए। वहाँ उन्होंने खिलौनों की दुकान से कुछ खिलौने खरीदे। उन्होंने कितने-कितने रुपये दुकानदार को दिए ?

| कुलजीत | नवनीत | बलजीत |
|---|---|---|
| कुलजीत ने एक खिलौना कार खरीदी।  | नवनीत ने एक ज्यामेट्री बॉक्स खरीदा।  | बलजीत ने एक कैरम बोर्ड खरीदा।  |
|  |  |  |

कुलजीत ने दुकानदार को कितने रुपये दिए ? ₹

नवनीत ने दुकानदार को कितने रुपये दिए ? ₹

बलजीत ने दुकानदार को कितने रुपये दिए ? ₹


धन को जोड़ते समय हमेशा बड़ी संख्या से शुरू होकर छोटी कीमत (राशि) की ओर जाओ





## आओ सीखें



**दी गई वस्तु के मूल्यानुसार नोट या सिक्के लेना :**

| | |
|---|---|
|   |  या   |



## आओ करें

**दी गई वस्तु के मूल्यानुसार नोट या सिक्के लें :**

| | |
|---|---|
|   | |
|   | |
|   | |
|   | |

## कितने रुपये बचे ?

हरजोत के पास रुपये



हरजोत ने खर्च किए = ₹ 10

बचे = ...............

प्रभजोत के पास रुपये



प्रभजोत ने खर्च किए = ₹ 75

बचे = ...............

संदीप के पास रुपये



संदीप ने खर्च किए = ₹ 67

बचे = ...............

सुरजीत के पास रुपये



सुरजीत ने खर्च किए = ₹ 52

बचे = ...............

संदीप ने खर्च किए



मनजीत ने खर्च किए = ₹ 110

बचे = ...............

सिमरनजीत के पास रुपये



सिमरनजीत ने खर्च किए = ₹ 500

बचे = ...............

## गतिविधि

चिड़ियाघर में अलग-अलग सवारी की अलग-अलग टिकट है।



ऊँट की सवारी
(₹30)



हाथी की सवारी
(₹20)



झूले पर झूलना
(₹25)




नाव की सवारी (₹40)



घोड़े की सवारी (₹35)


चेतन की रुपये देने में सहायता करो ताकि वह नीचे दी गई सवारियाँ कर सके।

(a)  


₹ ☐ + ₹ ☐ = ₹ ☐

(b)  

₹ ☐ + ₹ ☐ = ₹ ☐

(c)  

₹ ☐ + ₹ ☐ = ₹ ☐

(d)  


₹ ☐ + ₹ ☐ = ₹ ☐

# धन का जोड़-घटाव

## आओ सीखें

### धन का जोड़

सोनू ने एक पैन ₹20 रुपये और एक कॉपी ₹15 रुपये में खरीदी। उसने कितने रुपये खर्च किए ?




एक पैन का मूल्य = ₹ 20

एक कॉपी का मूल्य = ₹ 15

कुल खर्च = ₹ 20
+ ₹ 15
₹ 35

इसलिए, सोनू ने कुल ₹35 रुपये खर्च किए।

अंजु के पास 85 रुपये थे। उसको उसके भाई ने 13 रुपये और दे दिए। अब उसके पास कितने रुपये हैं ?




अंजु के पास = ₹ 85

भाई ने अंजु को दिए = ₹ 13

अंजु के पास कुल रुपये = ₹ 85
+ ₹ 13
₹ 98

इसलिए, अंजु के पास कुल ₹98 रुपये हैं।

## आओ करें



1. कमल ने ₹40 के गुब्बारे खरीदे थे। लवप्रीत ने ₹33 के गुब्बारे खरीदे। दोनों ने कुल कितने के गुब्बारे खरीदे?

2. हनी की गोलक में ₹36 हैं। उसने गोलक में ₹23 और डाल दिए। हनी के गोलक में कितने रुपये हो गए ?

## धन का घटाव




सुरजीत के पास ₹50 थे। उसने ₹20 की कॉपी खरीद ली। उसके पास कितने रुपये शेष बचे ?

सुरजीत के पास = ₹ 50

कॉपी का मूल्य = ₹ 20

सुरजीत के पास बचे = ₹ 50 − ₹ 20 = ₹ 30

इसलिए, सुरजीत के पास ₹30 बचे।

अवनीत के पास ₹98 थे। उसने ₹46 अपने भाई को दे दिए। अवनीत के पास कितने रुपये शेष बचे ?

अवनीत के पास = ₹ 98

अवनीत के भाई को दिए = ₹ 46

अवनीत के पास शेष = ₹ 98 − ₹ 46 = ₹ 52

इसलिए, अवनीत के पास ₹52 बचे।



### आओ करें

1. मीना के पास ₹85 थे। उसने ₹35 की ज्योमैट्री खरीदी। उसके पास कितने रुपये शेष बचे ?
2. जगवीर के पास ₹77 थे। उसने ₹15 की चॉकलेट खरीदी। उसके पास कितने रुपये शेष बचे ?
3. नाज़िया के पास ₹63 थे। उसने ₹12 का पैन खरीदा। अब उसके पास कितने रुपये शेष बचे ?

# मूल्य सारणी एवं लेखा-पर्ची

## आओ सीखें

मीनू कार्ड पढ़कर बड़ा मज़ा आया। मैंने बहुत कुछ ऑर्डर किया।




सीरत अपने परिवार के साथ रेस्तरां में गयी।



हमने 1 जूस, 2 चाय, 2 समोसे, 1 कुलचे का ऑडर किया



हमें कितने रुपये देने होंगे ?



**मीनू कार्ड**

| | |
|---|---|
| चाय | ₹ 10.00 |
| जूस | ₹ 30.00 |
| लस्सी | ₹ 25.00 |
| दूध | ₹ 30.00 |
| समोसा | ₹ 15.00 |
| ब्रैड पकौड़ा | ₹ 15.00 |
| कुलचा | ₹ 25.00 |
| टिक्की | ₹ 22.00 |
| दहीं भल्ला | ₹ 35.00 |

आओ, देखें उसने बिल का भुगतान कैसे किया ?

## आओ करें

तिथि : बिल मेज़ नं. 7

| क्रम संख्या | सामग्री, सामान, वस्तुएँ | मात्रा | मूल्य | कुल कीमत | ₹ | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जूस | 1 | 30 | ₹ 30.00 × 1 | 30 | 00 |
| 2 | चाय | 2 | 10 | ₹ 10.00 × 2 | 20 | 00 |
| 3 | समोसा | 2 | 15 | ₹ 15.00 × 2 | 30 | 00 |
| 4 | कुलचा | 1 | 25 | ₹ 25.00 × 1 | 25 | 00 |
| | | | | कुल जोड़ ₹ | 105 | 00 |

तिथि : बिल मेज़ नं. 10

| क्रम संख्या | सामग्री, सामान, वस्तुएँ | मात्रा | मूल्य | कुल कीमत | ₹ | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समोसा | 1 | | ₹ 15.00 × 1 | | |
| 2 | टिक्की | 1 | | ₹ 22.00 × 1 | | |
| 3 | जूस | 2 | | ₹ 30.00 × 2 | | |
| 4 | ब्रैड पकौड़ा | 1 | | ₹ 15.00 × 2 | | |
| | | | | कुल जोड़ = ₹ | | |

प्रत्येक सामग्री की कीमत (मूल्य) = 1 वस्तु का मूल्य × मात्रा

## अभ्यास पृष्ठ

**1. रुपयों को पैसों में बदलो :**

a) ₹ 9 = ........................ b) ₹ 6 = ........................

c) ₹ 2 = ........................ d) ₹ 8 = ........................

**2. जोड़ करो :**

| | | |
|---|---|---|
| ₹ 6.50<br>+ ₹ 7.00 | ₹ 9.50<br>+ ₹ 14.75 | ₹ 23.50<br>+ ₹ 26.50 |
| ₹ 19.50<br>+ ₹ 9.25 | ₹ 40.05<br>+ ₹ 18.30 | ₹ 55.50<br>+ ₹ 20.45 |

**3. घटाव करो :**

| | | |
|---|---|---|
| ₹ 55.60<br>– ₹ 25.50 | ₹ 75.50<br>– ₹ 25.50 | ₹ 43.65<br>– ₹ 20.60 |
| ₹ 55.75<br>– ₹ 23.10 | ₹ 64.65<br>– ₹ 27.30 | ₹ 73.80<br>– ₹ 52.10 |

**4. गिनो तथा लिखो :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ₹ 50 | ₹ 100 | ₹ 5 | ₹ 10 | ₹ |
| ₹ 100 | ₹ 2500 | ₹ 10 | ₹ 10 | ₹ |